# केंद्रीय विद्यालय मनौरी इलाहाबाद

## प्रथम आवर्त परीक्षा (2017-18)

### विषय - हिन्दी

### कक्षा - नौवीं (पाठ्यक्रम 'अ')

**समय : 90 मिनट** **पूर्णांक : 40**

**निर्देश - 1) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रम से दें |**

**2) सुलेख व स्पष्टता का विशेष ध्यान रखें |**

खण्ड-'क'

**1.) निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। 1x5=5**

किसी भी समाचार पत्र का सर्वप्रथम उद्देश्य जनता को संसार के किस कोने में, कहाँ क्या हो रहा है, इसका सही-सही ज्ञान कराना होना चाहिए | जो समाचार पत्र अपने किसी निश्चित संकुचित उद्देश्य की पूर्ति के लिए भ्रमात्मक बातों का प्रचार करके जनता को पथभ्रष्ट करते हैं, वे विश्वासघाती हैं | क्या ऐसे समाचार पत्रों को देशद्रोही कहना अनुचित होगा ? समाचार पत्रों को अपने बलिष्ठ व्यक्तितत्व का अच्छी प्रकार से ज्ञान होना चाहिए | स्वयं राष्ट्र के जीवन में समाचार पत्रों का विशिष्ठ स्थान है क्योंकि जनता और सरकार के बीच में समाचार पत्र ही तो दुभाषिये के रूप में है | वे सरकार कि उचित-अनुचित कार्यवाहियों की आलिचना करके जनता वर्ग का पथ प्रशस्त करते हैं, जनता के मनोभावों का सही विश्लेषण उपस्थित कर सरकार को तदनुसार काम करने के लिए बाध्य करते हैं | समाचार पत्रों के द्वारा ही जनता की राजनीतिक शक्ति एवं चेतना में वृद्धि होती है |

प्रश्न -

1. समाचार पत्र का सर्वप्रथम उद्देश्य क्या है ?
   - क) जनता को आस-पास की जानकारी देना
   - ख) जनता का ज्ञान बढ़ाना
   - ग) जनता को संसार की घटनाओं से अवगत करना
   - घ) जनता की सेवा करना

2. विश्वासघाती समाचार पत्र कौन से होते हैं ?
   - क) जनता का विश्वास तोड़ने वाले
   - ख) जनता की आवश्यकताएँ न पूरा करने वाले
   - ग) भ्रमपूर्ण बातों का प्रचार करने वाले
   - घ) जनता के लक्ष्य की ओर ले जाने वाले

3. समाचार पत्रों को दुभाषिया क्यों कहा गया है ?
   - क) दो लोगों के बीच बातचीत का माध्यम होने के कारण
   - ख) दो भाषाओं में छपने के कारण

ग) जनता और सरकार के बीच सम्बन्ध बनाने के कारण

घ) जनता और नेताओं के बीच सम्बन्ध बनाने के कारण

4. समाचार पत्रों के माध्यम से कौन-सा कार्य हो जाता है ?

क) राजनीतिक शक्ति एवं चेतना में वृद्धि

ख) सरकार को जनता के मनोभावों का ज्ञान कराना

ग) सरकार की अनुचित कार्यवाहियों की आलोचना

घ) उपर्युक्त सभी

5. 'संकुचित' शब्द का विपरीतार्थक है -

क) विचलित ख) विस्तृत

ग) सीमित घ) पुष्पित

## खण्ड-'ख

**2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए----** **1x8=8**

(क) उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए -----

अभिमान, पर्यावरण,

(ख) 'ईला' और 'आवट' प्रत्यय के योग से बनने वाले दो-दो शब्द लिखिए |

(ग) विग्रह कर समास का नाम बताइए---

चंद्रशेखर, पंचतंत्र

(घ) अलंकार पहचानकर लिखिए----

(i) संतो भाई आई ज्ञान की आँधी रे |

(ii) मुदित महीपति मंदिर आए | सेवक सचिव सुमंत बुलाए ||

## खण्ड-'ग'

**3) निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर लिखिए। 1x5=5**

परित्यक्त चीनी किले से जब हम चलने लगे, तो एक आदमी राहदारी माँगने आया | हमने वह दोनों चिटें उसे दे दीं | शायद उसी दिन हम थोङ्ला के पहले के आख़िरी गाँव में पहुँच गए | यहाँ भी सुमति के जान-पहचान के आदमी थे भिखमंगे रहते भी ठहरने के लिए अच्छी जगह मिली | पाँच साल बाद हम इसी रास्ते लौटे थे और भिखमंगे नहीं, एक भद्र यात्री के वेश में घोड़ों पर सवार होकर आए थे; किन्तु उस वक्त किसी ने हमें रहने के लिए जगह नहीं दी और हम गाँव के एक सबसे गरीब झोपड़े में ठहरे थे | बहुत कुछ लोगों की उस वक्त की मनोवृत्ति पर ही निर्भर है, खासकर शाम के वक्त छङ् पीकर बहुत कम होश-हवास को दुरुस्त रखते हैं |

प्रश्न - (क) 'परित्यक्त चीनी किला' किसे कहा गया है ? वहाँ लेखक किसलिए गया था ?

(ख) लेखक इस समय किस वेश में था ? उसे ठहराने की अच्छी जगह कैसे मिली ?

(ग) लेखक गरीब झोपड़े में कब और क्यों ठहरा था ?

(घ) शाम के समय वहां की स्थिति कैसी होती थी ?

(ङ) पाठ और लेखक का नाम लिखिए |

**4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **2x2=4**

**(क)** 'दो बैलों की कथा' में छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?

(ख) 'ल्हासा की ओर' यात्रा-वृत्तांत के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था ?

**5) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।** **1x5=5**

मोकों कहाँ ढूंढ़े बन्दे, मैं तो तेरे पास में |
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में |
ना तो कौने क्रिया-कर्म में, नहीं योग बैराग में |
खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पला भर की तालास में |
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वांसों की स्वाँस में ||

प्रश्न - (क) यहाँ 'मोकों' और 'तेरे' शब्द किसके लिए आया है ?

(ख) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढ़ता है ?

(ग) लोग ईश्वर को पाने के लिए और कौन-कौन सी क्रियाएँ करते हैं ?

(घ) कबीर ने ईश्वर प्राप्ति का क्या उपाय बताया है ?

(ङ) यह किस काल की रचना है तथा किस भाषा में लिखी गयी है ?

**6) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **2x2=4**

**(क)** बंद द्वार की साँकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया है ?

(ख) कबीर ने ज्ञान के आगमन की तुलना सामान्य हवा से न कर आँधी से क्यों की ?

**7) आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ़ से कुछ सुझाव दीजिए | (मूल्यपरक प्रश्न)** **4**

## खण्ड-'घ'

**8) निर्धारित समय पर शुल्क जमा न करने के कारण आपका नाम काट दिया गया है | पुनः प्रवेश हेतु प्राचार्य को पत्र लिखिए |** **5**

**अथवा**

**आपका छोटा भाई घर से दूर छात्रावास में रहता है | आप उसे प्रातःकाल नियमित रूप से भ्रमण करने, योग एवं प्राणायाम करने के लिए प्रेरणादायी पत्र लिखिए |**

**********************************